Prepp
Your Personal Exams Guide

# INTELLIGENCE BUREAU

(Ministry of Home Affairs)

Government of India

| | |
|---|---|
| Test Date | 29/09/2025 |
| Test Time | 11:30 AM - 12:30 PM |
| Post Name | SECURITY ASSISTANT/EXECUTIVE |

**Q.1** 2025 में, निम्नलिखित में से किस राज्य ने मातृ-पितृ विहीन, एकल मातृ-पितृ या उपेक्षित बच्चों को देखभाल और सुरक्षा प्रदान करने और उन्हें शैक्षिक लाभ उपलब्ध कराने हेतु कोरापुट में 'यशोदा योजना' शुरू की?

Ans A). झारखंड B). आंध्र प्रदेश C). ओडिशा D). छत्तीसगढ़

**Correct Answer: C**

**Q.2** वर्ष 2025 के लिए वर्चोल दलित साहित्य पुरस्कार (Verchol Dalit Literary Award) से निम्नलिखित में से किसे सम्मानित किया गया?

Ans A). पी शिवकामी B). यशिका दत्त C). योगेश मैत्रेय D). तोरल जतिन गजरावाला

**Correct Answer: A**

**Q.3** निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र, भूकंप के लिए भारत के 'अत्यधिक क्षति जोखिम क्षेत्र' के अंतर्गत नहीं है?

Ans A). धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) B). कश्मीर घाटी (जम्मू और कश्मीर) C). कच्छ (गुजरात) D). लातूर (महाराष्ट्र)

**Correct Answer: D**

**Q.4** सितंबर 2025 के फैसले में, सर्वोच्च न्यायालय ने तलाकशुदा पत्नी के संबंध में एक पिता को अपनी पुत्री की शादी करने हेतु खर्च के लिए कितना भुगतान करने का आदेश दिया?

Ans A). ₹7.50 लाख B). ₹5 लाख C). ₹10 लाख D). ₹12.5 लाख

**Correct Answer: C**

**Q.5** कमलिनी दत्त, जिनका अप्रैल 2025 में निधन हो गया, निम्नलिखित में से किसमें अपने योगदान के लिए प्रसिद्ध थीं?

Ans A). भरतनाट्यम B). छाया कठपुतली C). बाउल संगीत D). पारंपरिक मूर्तिकला

**Correct Answer: A**

**Q.6** आपदा प्रबंधन के तीन प्रमुख चरणों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सी कार्रवाई, नामित चरण से सुमेलित नहीं है?

Ans A). आपदा-पूर्व: भेद्यता (vulnerability) क्षेत्रीकरण मानचित्र तैयार करना और जन जागरूकता फैलाना

B). आपदा के दौरान: लोगों को निकालना (evacuation), आश्रय स्थल और राहत शिविर स्थापित करना

C). आपदा-पूर्व: पीड़ितों का पुनर्वास और पुनर्प्राप्ति

D). आपदा के बाद: भविष्य में लचीलेपन के लिए क्षमता निर्माण और सामना करने के क्रिया-तंत्र को मजबूत करना

**Correct Answer: C**

**Q.7** आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के अनुसार, अगस्त 2025 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए भारत की समग्र बेरोजगारी दर कितनी थी?

Ans A). 5.1% B). 6.2% C). 5.6% D). 4.8%

**Correct Answer: A**

**Q.8** पेरिस पैरालंपिक गेम्स, 2024 में भारत के लिए स्वर्ण पदक निम्नलिखित में से किसने जीता था?

Ans A). मोना अग्रवाल B). निषाद कुमार C). नवदीप सिंह D). प्रीति पाल

**Correct Answer: C**

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.9** देश के पहले प्रधान मंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन ऐंड अपैरल (Pradhan Mantri Mega Integrated Textile Region and Apparel - PM MITRA) पार्क की आधारशिला सितंबर 2025 में किस जिले में रखी गई?

Ans A). दतिया B). सिवनी C). धार D). बैतूल

Correct Answer: C

**Q.10** तारपा नृत्य महाराष्ट्र में किस आदिवासी समुदाय द्वारा किया जाता है?

Ans A). गोंड B). संथाल C). वारली D). भील

Correct Answer: C

**Q.11** अगस्त 2025 में आयोजित 64वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में किस एथलीट ने पुरुषों की 400 m दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा?

Ans A). राजेश रमेश (Rajesh Ramesh) B). मोहम्मद अनस याहिया (Muhammed Anas Yahiya)
C). विशाल थेन्नारसु कयालविज़ी (Vishal Thennarasu Kayalvizhi) D). अनिमेष कुजूर (Animesh Kujur)

Correct Answer: C

**Q.12** वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 ने कौन-सा मुख्य सुधार किया गया?

Ans A). महिलाओं का प्रतिनिधित्व अनिवार्य किया गया B). सभी वक्फ संपत्तियों का अधिकार जिला मजिस्ट्रेट को दिया गया C). वक्फ ट्रिब्यूनल को समाप्त कर दिया गया
D). गैर-मुस्लिमों को वक्फ बनाने की अनुमति दी गयी

Correct Answer: D

**Q.13** दिक्सूची (compass needle) एक छोटे _________ के रूप में व्यवहार करती है।

Ans A). चालक B). ऊष्मा-रोधी C). चुंबक D). प्रतिरोधक

Correct Answer: C

**Q.14** किस राज्य की सरकार ने 12 मार्च 2024 को महिलाओं के लिए पुलिस द्वारा भारत की पहली सवारी निगरानी सेवा, टी-सेफ (T-Safe), शुरू की?

Ans A). आंध्र प्रदेश B). त्रिपुरा C). तेलंगाना D). तमिलनाडु

Correct Answer: C

**Q.15** ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन अधिनियम, 2025, किस क्षेत्र को नियंत्रित करता है?

Ans A). ऑफ़लाइन कार्ड गेम (Offline card games) B). केवल निःशुल्क खेले जाने वाले मोबाइल गेम C). वास्तविक धन वाले ऑनलाइन गेम और ईस्पोर्ट्स
D). केवल फैंटेसी स्पोर्ट्स (Fantasy sports)

Correct Answer: C

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा मेघालय का धार्मिक नृत्य उत्सव है?

Ans A). सागा दावा (Sanga Dawa) B). मोत्सु मोंग (Moatsu Mong) C). नोंगक्रेम (Nongkrem) D). कांग चिंगबा (Kang Chingba)

Correct Answer: C

**Q.17** केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित राष्ट्रीय मखाना बोर्ड को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सितंबर 2025 में निम्नलिखित में से किस स्थान पर आधिकारिक रूप से लॉन्च किया गया था?

Ans A). भरुच B). कानपुर C). धनबाद D). पूर्णिया

Correct Answer: D

**Q.18** मुदुमल मेगालिथिक मेनहिर्स (Mudumal Megalithic Menhirs), जिन्हें 2025 में भारत की ओर से यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों (UNESCO World Heritage Sites) की संभावित सूची में शामिल किया गया है, ______ में स्थित हैं।

Ans A). तेलंगाना B). तमिलनाडु C). केरल D). कर्नाटक

Correct Answer: A

**Q.19** 2025 में, भारत ने अपनी सबसे उन्नत मिसाइल, ET-LDHCM (DRDO के गोपनीय प्रोजेक्ट विष्णु के तहत विकसित) का परीक्षण किया, जो ______________ ।

Ans A). तीन सौ किलोमीटर की रेंज क्षमता के साथ मैक 2 (Mach 2) की गति से उड़ान भर सकती है
B). मैक 8 की गति से उड़ान भर सकती है और 1500 km दूर लक्ष्यों को हिट कर सकती है
C). पांच हजार किलोमीटर की पहुंच के साथ मैक 12 की गति से उड़ान भर सकती है
D). एक हजार किलोमीटर की रेंज क्षमता के साथ सबसोनिक क्रूज की गति से उड़ान भर सकती है

Correct Answer: B

**Q.20** _______, आयोडीन का एक समृद्ध स्रोत है।

Ans A). मुरमुरे B). गेहूं C). परिष्कृत चीनी D). समुद्री भोजन

Correct Answer: D

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.1** एक व्यक्ति ने एक वस्तु को उसके अंकित मूल्य ₹1,320 पर दो क्रमिक छूट देने के बाद ₹462 में बेचा। पहली छूट अंकित मूल्य का d% थी और दूसरी छूट रुपए में पहली छूट की राशि के बराबर थी। d का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 32. 5 B). 37. 2 C). 29. 3 D). 30. 3

**Correct Answer: A**

**Q.2** सरल कीजिए: $\sqrt{3+\sqrt{26+\sqrt{93+\sqrt{47+\sqrt{4}}}}}$

**Ans** A). 1 B). 3 C). 7 D). 9

**Correct Answer: B**

**Q.3** एक परीक्षा में एक कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा अंग्रेजी में प्राप्त औसत अंक 46 थे। यदि इनमें से 4 विद्यार्थियों, जिन्होंने वास्तव में 15, 13, 9 और 11 अंक प्राप्त किए थे, को नहीं गिना जाता, तो परीक्षा में कक्षा के औसत अंक 54 होते। कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 17 B). 21 C). 27 D). 24

**Correct Answer: B**

**Q.4** A और B एक काम को 6 दिनों में पूरा करते हैं। यदि A अकेले इसे 7 दिनों में पूरा कर सकता है, तो B अकेले उसी काम का $\frac{1}{3}$ भाग कितने दिनों में कर सकता है?

**Ans** A). $42$ B). $56$ C). $14$ D). $28$

**Correct Answer: C**

**Q.5** 10 cm त्रिज्या वाले एक ठोस धातु के गोले को पिघलाकर 3 cm बाहरी त्रिज्या और 2 cm आंतरिक त्रिज्या वाले खोखले गोलाकार खोलों के रूप में ढाला जाता है। यदि पुनः ढालने के दौरान 15% धातु नष्ट हो जाए, तो ऐसे कितने पूर्ण खोल बनाए जा सकते हैं?

**Ans** A). 44 B). 46 C). 42 D). 45

**Correct Answer: A**

**Q.6** करण और अर्जुन ने मिलकर एक व्यवसाय शुरू किया। करण 6 महीने के लिए अर्जुन से ₹74,000 अधिक निवेश करता है, जबकि अर्जुन 7 महीने के लिए निवेश करता है। कुल ₹4,698 के लाभ में, करण का हिस्सा अर्जुन के हिस्से से ₹1,566 अधिक है। करण द्वारा निवेश की गई राशि ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹1,29,500 B). ₹1,29,329 C). ₹1,29,593 D). ₹1,29,670

**Correct Answer: A**

**Q.7** जल संकट के कारण, प्रारंभिक जनसंख्या का 38% हिस्सा शहर छोड़कर चला गया, और शेष जनसंख्या के 50% लोग नौकरी की तलाश में शहर छोड़कर चले गए। यदि वर्तमान में शहर में 4450 लोग रहते हैं, तो प्रारंभिक जनसंख्या और वर्तमान जनसंख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 100 : 31 B). 106 : 83 C). 107 : 87 D). 103 : 85

**Correct Answer: A**

**Q.8** 600 m की एक रेस में, व्यक्ति A, व्यक्ति B को 5 सेकंड और 50 m की शुरुआती बढ़त देता है। यदि A, 6 m/s और B, 5 m/s की चाल से दौड़ता है, तो किसने, कितने m से जीत हासिल की?

**Ans** A). A ने 25 m से जीत हासिल की B). A ने 34 m से जीत हासिल की C). B ने 20 m से जीत हासिल की D). B ने 28 m से जीत हासिल की

**Correct Answer: A**

**Q.9** A एक कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकता है, तथा B उसी कार्य को 16 दिनों में पूरा कर सकता है। वे A से शुरू करके एकांतर दिनों में कार्य करते हैं, हालांकि, प्रत्येक पांचवें दिन C आता है और उस पूरे दिन अकेले कार्य करता है तथा यह क्रम इसी प्रकार जारी रहता है। C उस कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकता है। कार्य पूरा करने में कुल कितने दिन लगेंगे?

**Ans** A). $14\frac{1}{5}$ दिन B). $14\frac{2}{5}$ दिन C). $14\frac{1}{4}$ दिन D). $14\frac{3}{4}$ दिन

**Correct Answer: C**

**Q.10** एक म्यूज़िक सेट की मूल कीमत ₹8,700 थी। इस कीमत पर पहले 10% की छूट दी गई और फिर 10% की वृद्धि की गई। म्यूज़िक सेट की नई कीमत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 7,913 B). 8,613 C). 9,113 D). 8,113

**Correct Answer: B**

**Q.11** यदि किसी घन का आयतन 15,625 $m^3$ है, तो घन का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल $m^2$ में ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 2503 B). 3750 C). 2500 D). 2493

**Correct Answer: C**

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.12** एक कौशल विकास संस्थान तीन पाठ्यक्रम का ऑफर देता है: अल्फा, बीटा और गामा। पिछले महीने, नामांकनों की संख्या इस प्रकार थी:
अल्फा: 9,000 विद्यार्थी
बीटा: 11,000 विद्यार्थी
गामा: 7,000 विद्यार्थी
वर्तमान महीने में, अल्फा में नामांकन में 25% की वृद्धि हुई, बीटा में नामांकन में 10% की कमी हुई और गामा में नामांकन में 30% की वृद्धि हुई। संस्थान, प्रति अल्फा नामांकन पर ₹50, प्रति बीटा नामांकन पर ₹65 और प्रति गामा नामांकन पर ₹80 आय प्राप्त करता है। हालाँकि, संस्थान ने वर्तमान महीने में गामा पाठ्यक्रम शुल्क पर 7% की प्रमोशनल छूट दी है। पिछले महीने की तुलना में कंपनी की कुल आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है? (उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

**Ans** A). 11.21% B). 8.15% C). 9.16% D). 10.03%

**Correct Answer: C**

---

**Q.13** किसी उत्पाद पर 38% का लाभ हुआ। यदि क्रय मूल्य और विक्रय मूल्य दोनों के संख्यात्मक मानों को आपस में बदल दिया जाए तो, तो बिक्री पर होने वाली हानि प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 30.17% B). 27.54% C). 26.67% D). 30.44%

**Correct Answer: B**

---

**Q.14** एक पंसारी को क्रमशः ₹297 और ₹167 प्रति kg मूल्य वाले चावल की दो किस्मों को किस अनुपात में मिलाना चाहिए, ताकि प्राप्त चावल का मिश्रण ₹256 प्रति kg मूल्य का हो जाए?

**Ans** A). 43 : 90 B). 89 : 41 C). 51 : 94 D). 39 : 178

**Correct Answer: B**

---

**Q.15** एक ड्राइवर अपनी यात्रा का पहला भाग 80 km/hr की चाल से 2 घंटे में और दूसरा भाग 60 km/hr की चाल से 1.5 घंटे में तय करता है। तीसरा भाग धीमी चाल से 1 घंटे में तय करता है। यदि इस पूरी यात्रा की औसत चाल 66 km/hr है, तो यात्रा के तीसरे भाग में ड्राइवर की चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 47 km/hr B). 41 km/hr C). 45 km/hr D). 43 km/hr

**Correct Answer: A**

---

**Q.16** एक गोलाकार गैस के गुब्बारे में हवा भरने पर इसकी त्रिज्या 14 cm से बढ़कर 21 cm हो जाती है। दोनों स्थितियों में गुब्बारे के पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 4 : 9 B). 2 : 3 C). 4 : 3 D). 1 : 3

**Correct Answer: A**

---

**Q.17** एक लैपटॉप का अंकित मूल्य ₹70,000 है। एक विक्रेता त्योहारों के दौरान 12% की छूट, उसके बाद 5% की लॉयल्टी छूट और सप्ताहांत ऑफ़र के रूप में 3% की छूट देता है। किसी लॉयल ग्राहक के लिए अंतिम कीमत कितनी होगी यदि वह त्योहारों के मौसम में सप्ताहांत में लैपटॉप खरीदता है?

**Ans** A). ₹55,370.5 B). ₹59,595.8 C). ₹51,904.7 D). ₹56,764.4

**Correct Answer: D**

---

**Q.18** एक ठोस लंब वृत्तीय बेलन के आधार की परिधि 132 cm है और इसकी ऊंचाई 70 cm है। बेलन का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans** A). 96,109 B). 96,704 C). 97,020 D). 96,440

**Correct Answer: C**

---

**Q.19** दो धनात्मक संख्याओं में 2639 का अंतर है। जब बड़ी संख्या को छोटी संख्या से विभाजित किया जाता है, तो भागफल 2 प्राप्त होता है और शेषफल 130 प्राप्त होता है। दी गई दो संख्याओं में से बड़ी संख्या और 4745 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 13 B). 14 C). 12 D). 11

**Correct Answer: A**

---

**Q.20** सुरेश और कमल ने मिलकर एक व्यवसाय शुरू किया। सुरेश ने 9 महीनों के लिए ₹12,000 का निवेश किया, और कमल ने पूरे वर्ष के लिए ₹9,000 का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹8,400 था, तो लाभ में कमल का शेयर कितना था?

**Ans** A). ₹2,800 B). ₹3,600 C). ₹4,800 D). ₹4,200

**Correct Answer: D**

---

**Q.1** छह व्यक्ति A, B, C, S, T और U, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। S और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। S, C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। U, B के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। T और U के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). चार B). तीन C). दो D). एक

**Correct Answer: C**

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.2 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

U, ? , I , E, A.

Ans A). O B). T C). J D). M

Correct Answer: A

Q.3 संख्या 6482357 के प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएँ से पाँचवें और दाएँ से चौथे अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans A). 9 B). 12 C). 11 D). 10

Correct Answer: A

Q.4 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C, A के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। G, D के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। E और G के बीच केवल A बैठा है। B, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। C के बाईं ओर से गिनती करने पर A और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). 4 B). 2 C). 1 D). 3

Correct Answer: D

Q.5 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ क्रेन, स्टिक हैं।
सभी स्टिक, बॉल हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ क्रेन, बॉल हैं।
(II) सभी बॉल, स्टिक हैं।

Ans A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Correct Answer: C

Q.6 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह समान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी पेन, नीला हैं।
कुछ नीला, किताब हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ किताब, पेन हैं।
(II) कोई किताब, पेन नहीं है।

Ans A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Correct Answer: D

Q.7 एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'Y % E x L % P – K x G' है, तो K का Y से क्या संबंध है?

Ans A). पुत्री की पुत्री B). पत्नी की माता C). पुत्र की पुत्री D). भाई की पुत्री

Correct Answer: A

Q.8 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

DNY YIT TDO OYJ ?

Ans A). JTE B). KTE C). JSE D). JTF

Correct Answer: A

Prepp Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.9** एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M ÷ N × O – P + Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

**Ans** A). पत्नी का भाई B). पुत्र की पत्नी का भाई C). पुत्र की पत्नी का पिता D). पत्नी का पिता

**Correct Answer: C**

**Q.10** रवि, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएँ मुड़ता है और 3 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, तब तक सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans** A). 3 km, पश्चिम की ओर B). 4 km, पूर्व की ओर C). 4 km, पश्चिम की ओर D). 3 km, पूर्व की ओर

**Correct Answer: A**

**Q.11** निम्नलिखित अक्षर-प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) R L Z T @ $ O D U %W N # * K X V £ Y A & Q P S (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और साथ ही ठीक बाद में एक अन्य अक्षर है?

**Ans** A). तीन B). चार C). छह D). पांच

**Correct Answer: D**

**Q.12** एक निश्चित कूट भाषा में, 'LOVE' को '2795' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'VOTE' को '7258' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए क्या कूट होगा?

**Ans** A). 7 B). 8 C). 2 D). 5

**Correct Answer: B**

**Q.13** सात बक्से, C, D, E, M, N, O और U, एक-दूसरे के ऊपर रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। O के ऊपर केवल एक बक्सा रखा गया है। O और D के बीच केवल U को रखा गया है। E के नीचे केवल N को रखा गया है। M को C के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। M और C के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

**Ans** A). दो B). एक C). तीन D). चार

**Correct Answer: C**

**Q.14** एक निश्चित कूट भाषा में, 'CLAIM' को '76231' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, 'LAYER' को '53974' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'CREAM' को '25463' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'Y' का कूट क्या है?

**Ans** A). 7 B). 9 C). 3 D). 5

**Correct Answer: B**

**Q.15** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). NK-FG B). BY-TP C). IF-AW D). UR-MI

**Correct Answer: A**

**Q.16** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान कौन-सी संख्या आनी चाहिए?

187 175 160 141 117 ?

**Ans** A). 85 B). 89 C). 87 D). 92

**Correct Answer: C**

**Q.17** यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

64 + 18 × 6 ÷ 5 – 3 = ?

**Ans** A). 76 B). 85 C). 70 D). 80

**Correct Answer: A**

**Q.18** **निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।**

**(बाएं) E A # / @ Q # M D N C $ O G ^ # # Y F Q W (दाएं)**

**ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनके ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?**

**Ans** A). तीन B). दो C). चार D). एक

**Correct Answer: D**

**Q.19** **विभिन्न आयु के पांच व्यक्तियों में, P, R से बड़ा है। L, M से छोटा है। R, Y से बड़ा है। M, Y से छोटा है। सबसे छोटा कौन है?**

**Ans** A). R B). L C). Y D). M

**Correct Answer: B**

**Q.20** **दी गई शृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?**

**52 64 79 97 118 ?**

**Ans** A). 145 B). 150 C). 142 D). 12

**Correct Answer: C**

**Q.1** **Select the option that best conveys the meaning of the given proverb.**

**Give someone an inch and they'll take a mile**

**Ans** A). Small acts of kindness often lead to a person feeling more grateful and satisfied.

B). Being a little helpful can inspire someone to achieve great things on their own.

C). Offering a minor allowance or advantage can cause someone to try and take a lot more.

D). Achieving big goals is often about consistently making small, steady improvements.

**Correct Answer: C**

**Q.2** **Select the most appropriate article to fill in the blank. If no article is needed, select 'No article required'.**

**She was hired as ______ assistant to the CEO, managing his daily schedule and correspondence.**

**Ans** A). No article required B). the C). a D). an

**Correct Answer: D**

**Q.3** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The government deployed additional troops along the border to __________ a swift and secure response to potential threats.**

**Ans** A). perfect B). reflect C). effect D). affect

**Correct Answer: C**

**Q.4** **Select the most appropriate meaning of the given proverb.**

**Even a worm will turn.**

**Ans** A). Even the happiest person will cry if treated too kindly.

B). Even the strongest person will agree if praised too much.

C). Even the most patient person will resist if pushed too far.

D). Even the laziest person will work if rewarded with sweet gifts.

**Correct Answer: C**

**Q.5** **Select the most appropriate option that rectifies the underlined incorrectly spelt word in the given sentence.**

**In order to win the battle on this issue, the administration will have to get free of the <u>antidiluvain</u> tyranny of the Congressional Budget Office, which has not predicted any economic development accurately in decades.**

**Ans** A). antideluvean B). antideluvian C). antediluvian D). antedulevian

**Correct Answer: C**

**Q.6** **Select the most appropriate option that rectifies the underlined word in the given sentence.**

**The committee reached a consensus <u>with</u> the proposed amendments after several discussions.**

**Ans** A). by B). at C). in D). on

**Correct Answer: D**

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.7** **Select the option that rectifies the underlined incorrectly spelt word in the given sentence.**

**Azim tried to embaras her in front of the group and the doctor scolded him.**

**Ans** A). embarrass B). embaress C). emberress D). embarres

**Correct Answer: A**

**Q.8** **Select the most appropriate option that can replace the underlined segment in the given sentence.**

**The society should not tolerate hatred towards foreigners.**

**Ans** A). chauvinism B). xenophobia C). misanthropy D). testimony

**Correct Answer: B**

**Q.9** **Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.**

**(P) One way to do this is by using public transportation instead of private cars.**
**(Q) Additionally, adopting renewable energy sources can significantly cut down on pollution.**
**(R) Many people around the world are now focused on reducing their carbon footprints.**
**(S) This shift not only helps the environment but also contributes to reducing traffic congestion.**

**Ans** A). RSQP B). RPQS C). RPSQ D). RQPS

**Correct Answer: C**

**Q.10** **Select the most appropriate punctuation mark to fill in the blank.**

**Ram's sister _______ Sohini, met us the other day.**

**Ans** A). Ellipsis (. . .) B). No punctuation mark C). Hyphen (-) D). Comma (,)

**Correct Answer: D**

**Q.11** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**

**To move hurriedly with short quick steps**

**Ans** A). Loiter B). Crawl C). Scurry D). Squid

**Correct Answer: C**

**Q.12** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The coach said, "___________ Don't waste time."**

**Ans** A). Hurry up boys. B). Hurry up boys C). Hurry up, boys! D). Hurry up, boys.

**Correct Answer: C**

**Q.13** **Select the most appropriate synonym of the underlined word in the given sentence.**

**She felt dismal after hearing the news from her neighbour.**

**Ans** A). Cordial B). Livid C). Bright D). Bleak

**Correct Answer: D**

**Q.14** **Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.**
**A. Well-acquainted with the philosophical literature of his day and of antiquity, he left behind a rich philosophical legacy in his declarations, presidential messages and addresses, public papers, numerous bills, letters to philosophically minded correspondents (Adams especially), and his only book, Notes on the State of Virginia.**
**B. Scholars in general have not taken seriously Thomas Jefferson (1743–1826) as a philosopher, perhaps because he never wrote a formal philosophical treatise.**
**C. Scrutiny of those writings reveals a refined political philosophy as well as a systemic approach to a philosophy of education in partnership with it.**
**D. Yet Jefferson was a prodigious writer, and his writings were suffuse with philosophical content.**

**Ans** A). ACDB B). CADB C). DBAC D). BDAC

**Correct Answer: D**

**Q.15** **Identify the ANTONYM of the word 'allow' in the following sentence.**

**The manager decided to allocate resources carefully, approach the issue with caution, admit the mistake openly and prohibit any further delays.**

**Ans** A). approach B). prohibit C). admit D). allocate

**Correct Answer: B**

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank. Select the most appropriate option to fill in the blank.

In the digital economy, data has emerged as a valuable 1.______, often compared to oil in terms of its strategic importance. Companies that can effectively collect and 2.______ data gain a competitive advantage. However, the ethical handling of information remains a contentious issue, especially when personal privacy is 3.______ in the name of profit. Governments worldwide are now working to 4.______ regulatory frameworks that ensure transparency and 5.______ trust.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16 Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). fuel B). liability C). burden D). currency

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank. Select the most appropriate option to fill in the blank.

In the digital economy, data has emerged as a valuable 1.______, often compared to oil in terms of its strategic importance. Companies that can effectively collect and 2.______ data gain a competitive advantage. However, the ethical handling of information remains a contentious issue, especially when personal privacy is 3.______ in the name of profit. Governments worldwide are now working to 4.______ regulatory frameworks that ensure transparency and 5.______ trust.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17 Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). ignore B). interpret C). manufacture D). restrict

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank. Select the most appropriate option to fill in the blank.

In the digital economy, data has emerged as a valuable 1.______, often compared to oil in terms of its strategic importance. Companies that can effectively collect and 2.______ data gain a competitive advantage. However, the ethical handling of information remains a contentious issue, especially when personal privacy is 3.______ in the name of profit. Governments worldwide are now working to 4.______ regulatory frameworks that ensure transparency and 5.______ trust.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18 Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). withheld B). compromised C). disregarded D). concealed

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank. Select the most appropriate option to fill in the blank.

In the digital economy, data has emerged as a valuable 1.______, often compared to oil in terms of its strategic importance. Companies that can effectively collect and 2.______ data gain a competitive advantage. However, the ethical handling of information remains a contentious issue, especially when personal privacy is 3.______ in the name of profit. Governments worldwide are now working to 4.______ regulatory frameworks that ensure transparency and 5.______ trust.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19 Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). dismantle B). abolish C). establish D). confront

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank. Select the most appropriate option to fill in the blank.

In the digital economy, data has emerged as a valuable 1.______, often compared to oil in terms of its strategic importance. Companies that can effectively collect and 2.______ data gain a competitive advantage. However, the ethical handling of information remains a contentious issue, especially when personal privacy is 3.______ in the name of profit. Governments worldwide are now working to 4.______ regulatory frameworks that ensure transparency and 5.______ trust.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20 Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). disregard B). rebuild C). debate D). foster

**Correct Answer: D**

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.1** भारत में मुगल साम्राज्य के संस्थापक कौन थे?

**Ans** A). अकबर B). हुमायूं C). बाबर D). शाहजहां

Prepp Your Personal Exams Guide

**Correct Answer: C**

**Q.2** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह चर्चा है कि 'राष्ट्रपति की सहायता और सलाह के लिए एक मंत्रिपरिषद होगी'?

**Ans** A). अनुच्छेद 72 B). अनुच्छेद 76 C). अनुच्छेद 78 D). अनुच्छेद 74

**Correct Answer: D**

**Q.3** कौन-सा आवासित द्वीप, लक्षद्वीप द्वीप-समूह के सबसे दक्षिण में स्थित है?

**Ans** A). मिनीकॉय B). एंड्रोट C). अगत्ती D). कवरत्ती

**Correct Answer: A**

**Q.4** भारत में ग्रामीण बस्तियों के लिए सहायक प्राथमिक आर्थिक क्रिया निम्नलिखित में से कौन-सी है?

**Ans** A). व्यापार B). सेवाएं C). विनिर्माण D). कृषि

**Correct Answer: D**

**Q.5** भारत में वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए, राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम (FRBM) किस वर्ष लागू किया गया?

**Ans** A). 2007 B). 2003 C). 1991 D). 1996

**Correct Answer: B**

**Q.6** 1911 में, दिल्ली स्थानांतरित होने से पहले कौन-सा शहर ब्रिटिश भारत की राजधानी थी?

**Ans** A). बॉम्बे (वर्तमान में मुंबई) B). लाहौर C). पूना (वर्तमान में पुणे) D). कलकत्ता (वर्तमान में कोलकाता)

**Correct Answer: D**

**Q.7** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, प्रारंभिक राष्ट्रवादियों द्वारा उपनिवेशवाद की आर्थिक आलोचना का सर्वोत्तम स्पष्टीकरण करता है?

**Ans** A). उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार ब्रिटिश शासन ने भारत की सम्पत्ति को लूटा। B). उन्होंने पश्चिमी शिक्षा को पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया। C). उन्होंने तत्काल स्वराज की मांग की। D). उन्होंने अंग्रेजी के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध को बढ़ावा दिया।

**Correct Answer: A**

**Q.8** निम्नलिखित में से कौन-सा औद्योगिक नीति संकल्प द्वितीय पंचवर्षीय योजना का आधार बना?

**Ans** A). 1956 का औद्योगिक नीति संकल्प B). 1952 का औद्योगिक नीति संकल्प C). 1954 का औद्योगिक नीति संकल्प D). 1948 का औद्योगिक नीति संकल्प

**Correct Answer: A**

**Q.9** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) के तहत, मार्च 2025 तक की स्थिति के अनुसार, प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक वित्तीय वर्ष में कितने दिनों के मजदूरी रोजगार की गारंटी दी जाती है?

**Ans** A). 120 दिन B). 80 दिन C). 150 दिन D). 100 दिन

**Correct Answer: D**

**Q.10** कौन-सा कथन, भारत में 3,600 मीटर से अधिक ऊंचाई पर स्थित पर्वतीय वन वनस्पति का सर्वोत्तम ढंग से वर्णन करता है?

**Ans** A). पर्णपाती वृक्ष समूहों में पनपते हैं B). सघन सागौन और साल लंबे होते हैं C). उष्णकटिबंधीय लताएँ ढलानों को ढँक लेती हैं D). टुंड्रा मॉस और लाइकेन का प्रभुत्व होता है

**Correct Answer: D**

**Q.11** भारत में केन्द्रीय सतर्कता आयोग (Central Vigilance Commission - CVC) की स्थापना किस समिति की अनुशंसा पर की गई थी?

**Ans** A). संथानम समिति B). बलवंत राय मेहता समिति C). पुंछी आयोग D). सरकारिया आयोग

**Correct Answer: A**

**Q.12** मौर्य प्रशासन में राजस्व का मुख्य संग्रहकर्ता निम्नलिखित में से कौन था?

**Ans** A). समाहर्ता B). अमात्य C). धम्म महामत्ता D). सन्निधाता

**Correct Answer: A**

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी, विशाल भारतीय मैदानों (Great Indian Plain) के निर्माण के लिए उत्तरदायी तीन प्रमुख नदियों में से एक नहीं है?

**Ans** A). गंगा B). सिंधु C). नर्मदा D). ब्रह्मपुत्र

**Correct Answer: C**

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा उद्योग सिरसिला त्रासदी (Sircilla Tragedy) से संबंधित है?

**Ans** A). मशीनकरघा वस्त्र उद्योग B). लघु-स्तरीय परिधान उद्योग C). हथकरघा बुनाई उद्योग D). जूट विनिर्माण उद्योग

**Correct Answer: A**

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम महारत्न नहीं है?

Ans A). हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड B). इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड C). भारत संचार निगम लिमिटेड D). भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

Correct Answer: C

Q.16 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद भारत में समानता के अधिकार की गारंटी देता है?

Ans A). अनुच्छेद 14 B). अनुच्छेद 19 C). अनुच्छेद 21 D). अनुच्छेद 12

Correct Answer: A

Q.17 किस घटना में स्वदेशी और बहिष्कार (Swadeshi and Boycott) का एक राजनीतिक उपकरण के रूप में पहला बड़ा उपयोग किया गया?

Ans A). जलियाँवाला बाग हत्याकांड B). बंगाल का विभाजन C). रॉलेट एक्ट के विरुद्ध प्रदर्शन D). सूरत विभाजन

Correct Answer: B

Q.18 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद भारतीय नागरिकों को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है?

Ans A). अनुच्छेद 32 B). अनुच्छेद 14 C). अनुच्छेद 21 D). अनुच्छेद 19

Correct Answer: C

Q.19 जीवाश्म ईंधन के जलने से वैश्विक जलवायु पर किस प्रकार प्रभाव पड़ता है, इसे निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम ढंग से परिभाषित करता है?

Ans A). धूल उत्पन्न करता है, जिससे सूर्य का प्रकाश अवरुद्ध होता है B). जल वाष्प मुक्त होता है जिससे पृथ्वी ठंडी होती है C). ग्रीनहाउस गैस निकलती हैं, जो अधिक ऊष्मा अवशोषित करती है D). प्राकृतिक कार्बन चक्र को शीघ्रता से कम कर देता है

Correct Answer: C

Q.20 किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा 11वें मौलिक कर्तव्य को जोड़ा गया?

Ans A). 86वां संशोधन अधिनियम, 2002 B). 44वां संशोधन अधिनियम, 1978 C). 42वां संशोधन अधिनियम, 1976 D). 101वां संशोधन अधिनियम, 2016

Correct Answer: A

Prepp Your Personal Exam Guide